मुंबई पोर्ट ट्रस्ट

# अपना पोर्ट

अंक तृतीय (अप्रैल 2016)






## संपादक मंडल

श्री. राजेंद्र पैबीर, सचिव
श्री. गिरिराज राठोड, उप सचिव
श्रीमती प्राची देसाई, सतर्कता अधिकारी
श्री. ला.रा. राम, हिंदी अधिकारी
ग्राफिक एवं अभिकल्प - श्री. राजन लाड

# मेरीटाइम इंडिया समिट 2016 के बारे में

- पत्तन आधुनिकीकरण
- नये पत्तनों का विकास
- अंतर्देशीय जल मार्ग
- अंतर्देश सम्पर्क और मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब
- अंतर्राष्ट्रीय नौवहन
- तटीय नौवहन
- पोत निर्माण, मरम्मत एवं रिसाइकलिंग
- पत्तन - उन्मुखी औद्योगीकरण
- पत्तनों में नवीन उर्जा
- क्रूज नौवहन एवं दीपस्तंभ पर्यटन

मेरीटाइम इंडिया समिट 2016 (MIS 2016) पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार की प्रथम फ्लैगशिप शुरुआत है, जिससे निवेशकों को भारतीय मेरीटाइम क्षेत्र में संभावित व्यवसाय के लिए एक अलग वैश्विक स्थान उपलब्ध होगा. मेरीटाइम इंडिया समिट 2016 का आयोजन अप्रैल महीने में दि.14 से 16 तक बॉम्बे कन्वैनशन एण्ड एक्जीबीशन सेन्टर, गोरेगांव, मुंबई में किया जा रहा है. समिट में अप्रैल 14–15 को दो दिवसीय सम्मेलन होगा और अप्रैल 14–16, 2016 तक 3 दिवसीय की प्रदर्शनी होगी.

सम्मेलन का उद्देश्य बी 2 बी (B2B) और जी 2 बी (G2B) बैठक के माध्यम से व्यवसाय साझेदारों के बीच आपसी संवाद बढ़ाना है तथा इस दौरान मेरीटाइम क्षेत्र में निवेश अवसरों पर विशेष सत्र होगा जिसमें पोत का निर्माण, जहाज मरम्मत, जहाज का रिसाइकलिंग, निकर्षण /बार्ज का निर्माण, नये पत्तनों की स्थापना, वर्तमान पत्तनों में क्षमता बढ़ाने, कार्गो और यात्री परिवहन के लिए अन्तर्देशीय जलमार्ग का विकास, तटीय पोत परिवहन, यात्री नौका सेवा, दीपघर एवं यात्री पर्यटन, द्वीप विकास तथा जलीय संसाधनों, समुद्री विकास और भारतीय समुद्री क्षेत्र से जुडी अन्य सेवाओं पर प्रकाश डाला जायेगा. सम्मेलन में भारतीय समुद्री राज्यों और संघ क्षेत्र में भी निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला जायेगा. मेरीटाइम इंडिया समिट 2016 के लिए कोरिया गणराज्य भागीदार देश है.

# मेरीटाइम इण्डिया समिट 2016 के लिए दक्षिण कोरिया के महावाणिज्यदूत द्वारा मुंबई पोर्ट का दौरा



कोरिया गणराज्य के महावाणिज्य दूत श्री सॉग्न यन किम, ने मुंबई पोर्ट का दौरा किया तथा दि. 2.3.2016 को मेरीटाइम इंडिया समेट (एम.आई.एस–2016) के संदर्भ में श्री. यशोधन वनगे, अध्यक्ष मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ बैठक की. श्री. वनगे, ने एम.आई.एस–2016 संबंधीरुपरेखा और दर्शन तथा सामान्य रुप से भारत मे मेरीटाइम सेक्टर एवं विशेष रुप से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में निवेश के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में उन्हे अवगत कराया. श्री वनगे ने माननीय महावाणिज्यदूत से अनुरोध किया कि वे भारत में पोतनिर्माण तथा पोत मरम्मत विकास को आगे बढाने हेतु कोरियन कंपनियों और बॅंकर्स को एमआयएस 2016 फोरम का उपयोग के लिए प्रेरित करें.

भारत मे मेरीटाइम सेक्टर में प्रदर्शनी और निवेश आमंत्रित करने के लिए पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे. फ्लॅगशिप समिट में कोरिया गणराज्य (साऊथ कोरिया) हिस्सेदार देश है. जिसे मेरीटाइम इंडिया समिट – 2016 कहा गया है. यह समिट मुंबईमें 14 से 16 अप्रैल 2016 तक को आयोजित होनेवाले 2 दिवसीय समिट और 3 दिवसीय मेरीटाइम संबंधी परियोजनाओ तथा सुविधाओं को मिलाकर होगा. इसमे 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों का सहभाग अपेक्षित है.

# PERFORMANCE HIGHLIGHTS OF MBPT FOR THE YEAR 2015 - 16

**Mumbai Port Trust achieves all time high cargo throughput across spectrum of commodities in 2015-16.**

1. Mumbai Port handled 1,73,034 automobile units in 2015-16, which is an all time high and whopping 23.76% increase over previous year.

   The Pure Car Carrier 'M.V. Hoegh Transporter' on 17.12.2015 was loaded with 5376 export vehicles, which has been the highest ever parcel size of export vehicles on a vessel through Mumbai Port.

2. Mumbai Port handled 5.98 million tons of Iron and Steel cargo with a growth of 27.03% compared to previous year, which is an all time high in the history of Mumbai Port.

3. Mumbai Port handled 9.6 lakh tons of Pulses with a growth of 40.75% compared to corresponding period of last year, which is the highest for last five years. Mumbai Port provided various facilities like additional storage spaces, concessional rates for extended storage of pulses to facilitate import of pulses to meet the shortages in the country.

4. 3.50 million tons Traffic of chemicals handled at Pir Pau shows a growth of 9.84% compared to previous year.

5. Inspite of discontinuation of its coal operations at Haji Bunder, Mumbai Port handled 61.11 million tones cargo, which is marginally lower than its all time high figure of 61.66 million tons achieved in previous year.

3\. The above achievements could be possible due to concerted efforts made by the Port cargo handling workers, officers and various stakeholders / Port users, informed Shri Yashodhan Wanage, Chairman, Mumbai Port Trust.

# बॉम्बार्डियर शिपमेंट




आसपासके पोर्टों का समावेश है, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट पर अपना विश्वास जताया गया है.

यह ध्यान देने योग्य बात है कि इन मूल्यवान एवं बडे आकार के मेट्रो कोचों का संपूर्ण स्टीविडोरिंग प्रचालन (नौवहन) मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा खुद ही किया गया जो भारत के किसी अन्य पोर्ट से अलग है. वहाँ इस प्रकार का प्रचालन निजी प्रचालकों द्वारा किया जाता है.

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने बडौदा, गुजरात में निर्मित मेट्रो कोचों को ऑस्ट्रेलिया नौवहन के लिए आकृष्ट किया है.

मुंबई पोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के लिए बॉम्बार्डियर टान्सर्पोटेशन इण्डिया प्रा.लि. बडौदा द्वारा निर्मित 6 मेट्रो कोचो के प्रथम नौवहन के निर्यात को आकर्षित करके बड़े आकार के मूल्यवान कार्गो की सम्हलाई में अपनी विशिष्ठता प्रदर्शित कर रहा है. यह नियोजित 450 कोचों का पहला नौवहन है जो ढाई वर्षों की अवधि के बाद ऑस्ट्रेलिया को निर्यात किया जायेगा.

हर कोचों की लम्बाई 75 फुट और वजन 46 टन है. जिसे उत्कृष्ठ तथा उच्च श्रेणी के लदान प्रचालन और उच्च श्रेणी के प्रामाणिकता की आवश्यकता है. इस कारण उत्पादकों और निर्यातकों ने अन्य कई पोर्टों की अपेक्षा जिसमें बॉम्बार्डिया के संयत्र के

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट एक बहुउद्देशीय पोर्ट है जो समान रुप से एवं उचित लागत के साथ परियोजना कार्गों एवं पेट्रोलियम के लिए खाद्य तेल की सम्हलाई करता है. इस प्रकार मुंबई पोर्ट ट्रस्ट अपने तरीके से राज्य की विशेषकर मुंबई शहर की अर्थ व्यवस्था में योगदान कर रहा है



## ■ मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा कान्होजी आंग्रे द्वीप में यात्री जेट्टी का निर्माण

## ■ द्वितीय द्रव रासायनिक घाट की शुरुवात से मुंबई पोर्ट के निष्पादन में सुधार

### मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा कान्होजी आंग्रे द्वीप में यात्री जेट्टी का निर्माण.



मुंबई पोर्ट द्वारा कान्होजी आंग्रे द्वीप में यात्री जेट्टी के निर्माण का शिलान्यास महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस एवं केन्द्रीय पोतपरिवहन सड़क परिवहन एवं महामार्ग मंत्री श्री नितीन गडकरी के करकमलों से 22 जनवरी 2016 को किया गया. इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री अनंत गीते, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री भी मौजूद थे. मुंबई पोर्ट द्वारा 16 करोड रुपये की लागत से द्वीप मे बनाया जा रहा यात्री जेट्टी पर्यटन स्थल के रुप में कान्होजी आंग्रे द्वीप के विकास की परियोजना का एक हिस्सा है.

बॉम्बे सरकार द्वारा वर्ष 1867 में 1.22 लाख रुपये व्यय करके द्वीप पर कान्होजी आंग्रे दीपघर का निर्माण किया गया. इसके बाद वर्ष 1902–03 में मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा 82,000/– रुपये व्यय करके इसका मरम्मत किया गया. तब से 2007 तक पोर्ट कान्होजी आंग्रे द्वीप के दीपघर का रखरखाव करता रहा. वर्ष 2007 में दीपघर का प्रचालन और रखरखाव महानिदेशक दीपघर एवं दीपपोत को हस्तांतरित किया गया. पोर्ट ने तटीय निगरानी हेतु रडार प्रणाली की स्थापना के लिए भारतीय तटरक्षक को प्रतिवर्ष 1 रुपये के नाममात्र किराये पर 8000 वर्ग मीटर का क्षेत्र पट्टा पर दिया है.

महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम के साथ जुडकर मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा पर्यटन स्थल के रुप में कान्होजी आंग्रे द्वीप का विकास राज्य में पर्यटन को बढावा देने का प्रयास है. पोर्ट ने द्वीप पर पर्यटन को बढ़ावा देने से जुडे कार्य को अपने हाथ में लेने के लिए महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम को "सिध्दान्त रुप से" अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया. मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री. रवि परमार ने सूचित किया है कि पोर्ट द्वारा निर्माण किये जा रहे जेट्टी से द्वीप में यात्री नौकाओं के सुचारु रुप से घाट लगाने तथा यात्रियों के चढ़ने/उतरने में सुविधा होगी.

### द्वितीय द्रव रासायनिक घाट की शुरुआत से मुंबई पोर्ट के निष्पादन में सुधार.

एल.पी.जी सहित रसायनो और पी.ओ.एल की बढती माँग को पूरा करने के लिए दि.13 जनवरी 2016 को मुंबई पोर्ट का द्वितीय द्रव रासायनिक घाट की शुरुआत की गयी. मौजूदा प्रथम रासायनिक घाट के दक्षिण में स्थित 12.5 मीटर्स की क्षमतावाला यह घाट 55000 डीडब्ल्यूटी जहाजो को सेवा दे सकता है तथा इसकी क्षमता 2.5 मिलियन टन्स प्रतिवर्ष है.

2. एल.पी.जी. तथा अन्य रसायनों के लिए 7 मरीन लोडिंग आर्म्स के साथ आधुनिक सम्हलाई सुविधाएँ घाट पर उपलब्ध है जिसके किनारे पर स्थित पाइपलाईन के जरिए माल की निकासी होती है. ओआयएसडी दिशा निर्देशों को सुनिश्चित करते हुए द्वितीय रसायनिक घाट उच्च सुरक्षा मानकों का अनुपालन करता है.

3. इस घाट के शुरु होने के बाद 29 फरवरी 2016 तक 21 जहाजों की सम्हलाई की गयी, और द्रव माल जहाजों के लिए औसत घाट पूर्व अवरोधन 12.44 घण्टों से 3.05 घण्टे तक नीचे आया है अर्थात 75% का सुधार.द्रव



माल जहाजों के औसत परिवर्तन समय में भी 2.15 दिनों से 1.59 दिनों तक संपूर्ण सुधार हुआ है. अर्थात 26% का सुधार जो पोर्ट के लिए ध्यान देने योग्य उपलब्धि है

# MUMBAI PORT WINS MAJOR PORTS HOCKEY





Mumbai Port Trust hosted the 37th All India Major Ports Hockey Tournament, 2015-16 from 24th to 27th February 2016. The tournament was organized by the Mumbai Port Sports Council at the Mumbai Hockey Association's Mahindra Hockey Stadium, Churchgate, Mumbai, under the aegis of the Major Ports Sports Control Board. The tournament was inaugurated at the hands of Shri Yuvraj Walmiki, the reigning Prince of Indian Hockey in the presence of Shri K.G. Nath, FA&CAO and host of dignitaries.

Shri Javed Shaikh, Sr.Assistant, Medical Department, Mumbai Port Trust was felicitated at the inauguration ceremony at the hands of Shri Walmiki for his appointment as Umpire (Hockey) in the forthcoming Olympics, 2016 to be held at Rio de Janeiro.

The tournament was held on league basis with teams from the major ports of Chennai, Paradip, Kolkata, Visakhapatnam and hosts Mumbai participating in it. Mumbai Port Trust remained unbeaten throughout the league and topped to table to win the 37th All India Major Ports Hockey Tournament. Kolkata Port Trust were the Runners-up and Chennai Port Trust stood third in the tournament.



***Victorious MbPT Hocky Team with***
***Shri Yashodharan Wanage,IRS, Chairman Mumbai Port Trust***

# मराठी भाषा गौरव दिन









मुंबई पोर्ट ट्रस्ट प्रशासना तर्फे या वर्षी दिनांक 1 ते 15 जानेवारी 2016 'मराठी भाषा संवर्धन पंधरवडा' व 22 ते 26 फेब्रुवारी 'मराठी भाषा गौरव दिना निमित्त कार्यक्रम' संयुक्तरित्या साजरे केले गेले.

वाचन संस्कृती वृध्दिंगत व्हावी या उद्देश्याने ग्रंथप्रदर्शन आयोजित करण्यात आले होते. तसेच निबंध, कथाकथन, प्रश्नमंजुषा, काव्यवाचन अशा विविध स्पर्धांचे आयोजन करण्यात आले होते. कर्मचाऱ्यांतर्फे विविध प्रबोधनात्मक व मनोरंजनात्मक कार्यक्रम सादर केले गेले. नामवंत कवींच्या मराठी कवितांचे काव्यदालन रसिकांसाठी तीन दिवस उपलब्ध करुन देण्यात आले होते.

सुप्रसिध्द माहिती व तंत्रज्ञान तज्ञ, लेखक तसेच संगीत प्रेमी श्री. अच्युत गोडबोले प्रमुख अतिथि म्हणून उपस्थित होते. मराठी भाषा दिनांचे औचित्य साधून त्यांनी श्रोत्यांशी मनमोकळा सुसंवाद साधला. सर्वच कार्यक्रमांना कर्मचाऱ्यांचा भरभरुन प्रतिसाद मिळाला.

वरील उपक्रम यशस्वीरित्या राबविण्याकरिता मुंबई पोर्ट ट्रस्टचे सचिव श्री. राजेंद्र पैबीर, वरिष्ठ उप प्रबंधक श्री. दिनकर शेवाळे, उप प्रबंधक श्री. अशोक वाघमारे, तसेच स्थानीय लोकाधिकार समितिचे अध्यक्ष श्री. मिलिंद घनकुटकर यांचे विशेष सहकार्य लाभले.

# विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस





मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में 1 मार्च, 2016 को विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस बड़ी धूमधाम और बडे पैमाने पर मनाया गया. श्री. नितीन बोरवनकर, मुख्य यांत्रिक अभियंता ने नागरिक सुरक्षा ध्वजारोहण किया. मुंबई पोर्ट के नागरिक सुरक्षा नियंत्रक श्री. मोहम्मद रुफी एस.कुरेशी ने नागरिक सुरक्षा शपथ दिलायी.इस अवसर पर आयोजित स्वच्छ भारत अभियान में लगभग 75 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने भाग लिया और स्वच्छ भारत के सरकार के पहल में सहयोग का हाथ बटाया.

इस अवसर पर मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष, श्री यशोधन वनगे, (भारासे), के करकमलों से मुंबई पोर्ट में नागरिक सुरक्षा गतिविधियों की विशिष्ठता को दर्शानेवाली एक पत्रिका जारी की गयी.



*नागरिक सुरक्षा दिवस के अवसर पर अध्यक्ष तथा मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अन्य अधिकारी (बायें से दायें) श्री. मोहम्मद रुफी एस.कुरेशी, नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, श्री. यशोधन वनगे, अध्यक्ष, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, श्री. आर.पी.पैबीर, सचिव तथा श्री. डी.डी शेवाले, वरिष्ठ. उप. प्रबंधक.*




# मुंबई पोर्ट ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2016












मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (एमबीपीटी) की आंतरिक शिकायते समिति (आईसीसी) ने 5 मार्च 2016 को विजयदीप, सम्मेलन कक्ष, बॅलार्ड इस्टेट, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2016 का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में 400 से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में सहभाग लिया. मुंपोट्र के प्रत्येक विभाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा समाज की भलाई के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली चार प्रतिभाशाली महिलाओं को माननीय अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया. मनोरंजन के लिए फैंसी ड्रेस (वेशभूषा) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

मुंपोट्र की फर्स्ट लेडी तथा केईम अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग की मुख्य डॉ.राजश्री वनगे, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी, डॉ. कांचन सोनटक्के जिन्होने विशेष बच्चों (स्पेशल चिल्डेन्स) खासकर मूक बधिर तथा अंध बच्चों को स्टेजपर परफॉर्मन्स के लिए अपने आपको समर्पित किया, डॉ. सुजाता शर्मा, असिस्टंट प्रोफेसर, बालरोग विभाग, सायन अस्पताल जो पीडियॅाट्रिक, हेमॅटोलॉजी, तथा पीडियॅाट्रिक एचआइव्ही की विशेषज्ञ हैं, डॉ ममता मंगलानी, जो बालरोग विभागाध्यक्ष तथा हेमॅटोलॉजी ऑन्कालॉजी की प्रमुख हैं इन्हेंने बोन मॅरो ट्रान्सप्लंट पर पॉवरपाईंट प्रस्तुति की. सभी प्रतिभाशाली महिलाओं उनकें विषय पर पॉवर पॉईंट प्रस्तुति की तथा दर्शकों के साथ उनके अनुभव साझा किये.

सुश्री कल्पना देसाई, सदस्य सचिव, आईसीसी ने सहभागियों का स्वागत किया तथा डॉ. (श्रीमती) एल.पी. देवस्थली ने मुंपोट्र के कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडन की रोकथाम को सुनिश्चित कर झिरो टॉलरेन्स लाने के उद्देश्य से आईसीसी द्वारा किये जा रहे सजगता कार्य (सेन्सिटाईजेशन वर्क) के बारे में जानकारी दी. सुश्री संध्या कर्णिक तथा अर्चना आरस्कर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित किया गया.

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार विजेताओं का चयन मुख्य अतिथि तथा विशेष सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया तथा पुरस्कार विजेताओं को रोकड पुरस्कार प्रदान किये गये. इसके बाद भारतीय संस्कृति तथा परंपरा इस विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.



# मुंबई पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों के बच्चों को बधाई एवं पुरस्कार

MARITIME INDIA SUMMIT 2016
14 - 16 APRIL, MUMBAI

## बधाई समारोह 2014–15

"होनहार बिरवान के होत चिकने पात" इस बात को ध्यान में रखकर मुंबई पोर्ट ट्रस्ट हर साल अपने होनहार बच्चों को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करती है. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जो बच्चे दसवीं, बारहवीं एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में उच्च अंक/प्रतिशत प्राप्त करते हैं उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाता है. इस प्रकार का पहला बधाई कार्यक्रम 15 अगस्त 1969 को किया गया.

इस वर्ष सामान्य प्रशासन विभाग –कल्याण प्रभाग की तरफ़ से दि.18.02.2016 को बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया. इसमें एसएससी/एचएससी परीक्षा में **85%** और उससे अधिक अंक पाने वाले **114** छात्र/छात्राओं को मेमेन्टो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया.

इस वर्ष **656** छात्र/छात्राओं को कुल **6,73,900/–** (रुपये छः लाख तिहत्तर हज़ार नौ सौ मात्र) की राशि उनके माता–पिता के बैंक खातों में ईसीएस के जरिए प्रदान कर उनका सम्मान किया गया.

## एचएससी और एसएससी परीक्षा में हिंदी विषय में विशेष अंक पाने पर पुरस्कार

पिछले अनेक वर्षों से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में कर्मचारियों के साथ साथ उनके बच्चों को भी राजभाषा गतिविधियों में सहभागी किया जाता है. एक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत मुंबई पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों के वे बच्चे जो फ़रवरी 2015 की एचएससी परीक्षा में हिन्दी विषय में 70% या इससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किया गया है. इस प्रकार फ़रवरी 2015 की एचएससी परीक्षा में **14** बच्चों को कुल 4200/– (रुपये चार हज़ार दो सौ मात्र) की नकद राशि वितरित की गयी.

इसी प्रकार उक्त योजना के अंतर्गत मुंबई पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों के वे बच्चे जो मार्च 2015 की एसएससी परीक्षा में हिंदी विषय (निम्न स्तर) में 75% या इससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें भी नकद पुरस्कार प्रदान किया गया है. इस प्रकार मार्च 2015 की एसएससी परीक्षा में **62** बच्चों को कुल 12,400/– (रुपये बारह हज़ार चार सौ मात्र) की नकद राशि वितरित की गयी.

इस प्रकार कुल 76 बच्चों को 16,600/–(रुपये सोलह हज़ार छह सौ मात्र) पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये.

**'अपना पोर्ट' परिवार की तरफ से उपरोक्त पुरस्कृत बच्चों का हार्दिक अभिनंदन.**

# मराठी भाषा गौरव दिन

**मराठी भाषा गौरव दिना निमित्त स्वरचित काव्य स्पर्धेतील प्रथम पुरस्कार प्राप्त कविता.**



## सेल्फी

आजकाल भलतचं वाढलय हे सेल्फीचं "फॅड"
सगळ्या तरुणाईला तर अगदीच केलय "मॅड"
पाहतो नां आजकाल आपण कुणालाही कसेही सेल्फी काढताना,
कारणाशिवाय हसताना, कुणामागे धावताना
धाय मोकलून खोटे खोटे रडताना
रस्त्यात ठिय्या मारुन बसताना
वडापाव कोंबताना, जिलबीकडे पाहून जीभ बाहेर काढताना.
वाढदिवसाच्या केकवरचं क्रिम नाकाला फासताना
एवढेच काय अस्ताव्यस्त झोपताना ......
कुणी उभा राहतो कडयावर घेवून मैत्रीणीला कवेत,
तर कुणा मुलींचा घोळका, अलगद तरंगत हवेत,
कुणी घालत कुत्र्या मांजरांच्या गळात गळा
कुणाच्या चेहऱ्यावर उमटत असतात अंतरंगीच्या नाना कळा
जन्मलेल्या बाळाबरोबर आई बाबांची फोटोची घाई
लग्नाच्या मंडपात नवरानवरीला विसरुन, कुणी
भटजी सेल्फीत रमून जाई
काल परवाच तर पाहिले आपण त्या तरुणांना गडावर फिरताना
वाऱ्यावर स्वार होवून, मस्तीत  कडयावर विसावताना
पण विसर पडला त्यांना शिवरायांच्या निधडया छातीचा
आणि वेडया साहसाने घेतला, जीव त्यांचा मोलाचा,
काय दाखवू, कसं दाखवू याचं कुठलं भान नाही
सेल्फीच्या नादात आजूबाजूचं ज्ञान नाही.
प्रसिध्दिच्या हव्यासाची ही उरफाटी रित
विवेकबुध्दी पडली गहाण जगावेगळी हारजीत
अरे फोटो कसले काढताय तुम्ही, मदतीचा हात द्या
गरजवंताला मदत करुन मोलाची साथ द्या,
हवाय मला सेल्फी आता तुमच्या नितळ निरागस मनाचा,
राग, द्वेश सारुन दूर वाहू दे झरा माणूसकीचा

*सौ. अनुराधा अंबिके*